प्रादेशिक समाचार
20.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के मारे जाने पर दी प्रतिकिया, कहा– अगले साल 31 मार्च तक नक्सल मुक्त हो जायेगा देश।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कहा– किसानों से धान की खरीद में तेजी लाने और उपज का समय पर भुगतान के लिए चावल मिलों की संख्या बढ़ा रही है सरकार।
3. विधानसभा में भाजपा विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के तेजी से बढ़ने का लगाया आरोप, झामुमो विधायक एमटी राजा ने घुसपैठ से किया इनकार।
4. राज्य के सभी जिलों में गरज के साथ रूक–रूक कर हो रही बारिश, मौसम विभाग ने 24 मार्च से मौसम साफ होने का जताया अनुमान।
5. रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ, देशभर से 608 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।

*******************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले साल 31 मार्च तक देश नक्सल मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार उन उग्रवादियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है जो तमाम सुविधाएं दिए जाने के बावजूद आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए दो अलग–अलग ऑपरेशन में 30 नक्सली मारे गए। बता दें कि छत्तीसगढ़ में आज दो घटनाओं में 30 माओवादी मारे गए। माओवादियों के साथ मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार किसानों से धान की खरीद में तेजी लाने और उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए चावल मिलों की संख्या बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री विधानसभा में विधायक जयराम महतो द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

*******************

उधर, सदन ने भाजपा के मनोज कुमार यादव की ओर से लाए गये कटौती प्रस्ताव को धवनि मत से नामंजूर कर दिया और स्वास्थ्य विभाग की 74 अरब 70 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांग को ध्वनि मत से पारित कर दिया। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही 21 मार्च को 11 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज संथाल क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने राजनीतिक प्रतिक्रिया व्यक्त की। विपक्षी पार्टी भाजपा के गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर यदि पांच साल के अंदर 500 वोटर बढ़ जाते हैं तो उसे बांग्लादेशी नहीं तो और क्या कहा जायेगा।

वहीं सत्ता पक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल विधायक मोहम्मद ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने संथाल क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ पूरी तरीके से नहीं होने की बात कही।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान झामुमो के घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने राजनीतिक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सही मायने में आदिवासी नेता को सम्मान देने का बात करती है तो चंपई सोरेन को ओड़िसा का राज्यपाल बनाया जाना चाहिए।

*******************

साहिबगंज में गंगा नदी के संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गंगा प्रहरी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि प्रशासन जिले के 200 गंगा प्रहरियों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

*******************

गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में आज राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत साथिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रयास समाज के किशोर–किशोरियों को स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण है।

*******************

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने वेवएक्स 2025 की शुरुआत की है, जो मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में स्टार्टअप्स को वित्त पोषण और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है। वेवएक्स एक मई से चार मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- पलामू जिले की हुसैनाबाद पुलिस ने महुआरी नहर मोड़ के पास से तीन संदिग्ध युवकों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।
- रेल मंत्रालय नेयात्रियों की सुविधा के लिए रांची–नई दिल्ली–रांची राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव होने की अनुमति दे दी है।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मण्डल के अंतर्गत विकास कार्यों को लेकर ब्लॉक लिये जाने के कारण कई ट्रेनें रद्द रहेंगी।
- रांची विश्वविद्यालय परिसर में आज रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता में रांची जिले की 17 प्रमुख वॉलीबॉल टीमें भाग ले रही हैं।
- डोमचांच प्रखंड के मसमोहना में एक वृद्ध महिला वज्रपात में झुलस गयी।

*******************

मौसम में आये अचानक बदलाव का असर पूरे राज्य में देखने को मिल रहा है। कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार 23 मार्च तक गरज के साथ हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ शैलेन्द्र मोहन ने किसानों को इस वर्षा का लाभ लेने की सलाह दी।

*******************

रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन की ओर से नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर से 316 खिलाड़ी रैपिड और 292 खिलाड़ी ब्लिट्ज फॉर्मेट में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 50 इंटरनेशनल मास्टर और ग्रैंड मास्टर भी शामिल हैं।